CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 161 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार,03 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# PM मोदी से मिले CM भजनलाल शर्मा, प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का न्योता

**मंत्रिमंडल फेरबदल पर भी बढ़ीं अटकलें आज कैबिनेट बैठक, पांच दिन में दूसरी बार दिल्ली दौरे से सियासी हलचल तेज**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब राजस्थान की राजनीति में मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चाएँ तेज हैं। वहीं सीएम ने मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद बुधवार को कैबिनेट व मंत्रिपरिषद बैठकों की घोषणा कर दी, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलें और गहरा गई हैं।

### प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का निमंत्रण

सूत्रों के अनुसार मुलाकात के दौरान पहला बड़ा मुद्दा 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस सम्मेलन' का रहा। सीएम भजनलाल ने पीएम मोदी को इस कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण दिया।

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट' के दौरान हर साल प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह पहला वर्ष है जब इसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन जेईसीसी, जयपुर में होगा, जिसमें



दुनियाभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ने और सम्मानित करने का उद्देश्य है।

### मंत्रिमंडल फेरबदल पर चर्चा की संभावना

सीएम पीएम मुलाकात का दूसरा अहम पहलू प्रस्तावित मंत्रिमंडल फेरबदल रहा। माना जा रहा है कि सीएम ने मंत्रिमंडल में संभावित बदलावों पर प्रधानमंत्री को जानकारी दी। अंतिम मंजूरी मिलते ही प्रदेश में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं।

राजस्थान में पिछले कई दिनों से मंत्रिमंडल फेरबदल की सुगबुगाहट तेज है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी कह चुके हैं कि परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, हालांकि इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

### दो वर्ष पूरे होने को, लेकिन विस्तार अभी भी पेंडिंग

भजनलाल सरकार को करीब दो साल पूरे होने वाले हैं, मगर अब तक मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियाँ लंबित हैं। छत्तीसगढ़ में इसी वर्ष मंत्रिमंडल विस्तार हो चुका है, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश में अभी चर्चा जारी है।

राजस्थान में भी गुजरात की तरह बड़े पैमाने पर फेरबदल की संभावनाओं पर राजनीतिक विश्लेषक नजर बनाए हुए हैं। बीते दिनों भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपनी नई टीम घोषित कर दी है, ऐसे में राजनीतिक नियुक्तियाँ भी जल्द होने की उम्मीद है।

### कैबिनेट और मंत्रिपरिषद बैठक आज

सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार को दोपहर 3 बजे सचिवालय में कैबिनेट बैठक और 4 बजे मंत्रिपरिषद बैठक बुलाई है। इससे मंत्रिमंडल विस्तार और प्रशासनिक बदलावों से जुड़े फैसलों की अटकलें और तेज हो गई हैं।

### पांच दिन में दूसरी बार दिल्ली दौरा

सीएम का यह पांच दिन में दूसरा दिल्ली दौरा रहा। इससे पहले वे 28 नवंबर को दिल्ली जाकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मिले थे। उनके इस दौरे के दौरान बाड़मेर रिफाइनरी के उद्घाटन को लेकर चर्चा हुई थी, जो सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर प्रस्तावित था, लेकिन अब यह समारोह टल गया है।

इससे पहले 13 नवंबर को दिल्ली दौरे के तुरंत बाद ही राजस्थान के तत्कालीन मुख्य सचिव सुधांश पंत को केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया था और वी श्रीनिवास को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था।

# राजस्थान का ऐतिहासिक निर्णय, अब राजभवन कहलाएगा लोकभवन

**लोगों की भावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित नया नाम, राज्यपाल बागडे बोले यह औपनिवेशिक मानसिकता से आगे बढ़ने की बड़ी पहल**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में एक ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक बदलाव किया गया है। प्रदेश में अब 'राजभवन' को नए नाम 'लोकभवन' के रूप में जाना जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि नाम परिवर्तन की अधिसूचना 1 दिसंबर से प्रभावी हो गई है। सरकार का दावा है कि यह कदम औपनिवेशिक मानसिकता से निकलकर लोकतांत्रिक भारतीय मूल्यों को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हमारे संविधान की उद्देशिका ही 'हम भारत के लोग' से शुरू होती है। ऐसे में राज्यपाल का कार्यस्थल 'लोकभवन' नाम से जाना जाना केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि जनभावनाओं,जनआकांक्षाओं और लोकतांत्रिक आत्मा का प्रतीक है।

बागड़े ने कहा कि लोक ही लोकतंत्र का केंद्र है। इसलिए राजभवन का नया नाम 'लोकभवन' लोगों के



लिए समर्पित एक नई सोच का प्रतीक बनेगा।

### देश में 9वां राज्य बना राजस्थान

राजस्थान से पहले 8 राज्यों में राजभवन का नाम बदलकर लोकभवन किया जा चुका है। राजस्थान अब नवां राज्य है जिसने यह परिवर्तन अपनाया। केंद्र शासित प्रदेशों में जहां गवर्नर हाउस को 'राजनिवास' कहा जाता है, वहां भी अब 'लोकनिवास' नामकरण की तैयारी चल रही है।

### संपूर्ण रिकॉर्ड और पहचान में भी बदलाव शुरू

नाम परिवर्तन के साथ ही राजभवन (अब लोकभवन) से जुड़े सभी आधिकारिक दस्तावेज, स्टेशनरी, लेटरहेड, फाइलें और सरकारी रिकॉर्ड में संशोधन का काम शुरू कर दिया गया है। लोकभवन परिसर में साइन बोर्ड, नेम प्लेट्स और पहचान चिह्न बदलने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।

### सोशल मीडिया पर भी 'लोकभवन'

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी बदलाव लागू कर दिया गया है। राजभवन के सभी आधिकारिक ग्रुप और डिजिटल हैंडल्स का नाम बदलकर अब 'लोकभवन' कर दिया गया है।

# बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई, मंत्रियों ने 90 से अधिक परिवाद निपटाए

**कर्नल राठौड़ बोले जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में सुनवाई आधारित प्रशासन को गति देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश कार्यालय जयपुर में कार्यकर्ता सुनवाई को नए स्वरूप में शुरू किया है। इसी क्रम में मंगलवार को उद्योग एवं वाणिज्य तथा खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, और जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कार्यकर्ता सुनवाई की, जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत 90 से अधिक परिवादों पर तत्काल कार्रवाई की गई। यह व्यवस्था मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सप्ताह में तीन दिन नियमित रूप से लागू की गई है।

कर्नल राठौड़ ने बताया कि पार्टी का मूल लक्ष्य जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान है। मंगलवार को आए कई परिवादों पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया, जबकि बड़े और नीतिगत विषयों पर उच्च स्तर पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकतर समस्याएँ राजस्व, बिजली-पानी, स्थानांतरण और विभागीय कार्यों से संबंधित थीं।

राठौड़ ने कहा कि 'डबल इंजन सरकार' के चलते केंद्र से निरंतर सहयोग मिल रहा है और राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को तेजी से धरातल तक पहुँचा रही है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले समन्वय के अभाव में विकास ठहर जाता था, आज तेजी से काम हो रहा है तो विपक्ष असहज दिख रहा है। वे दिल्ली एक परिवार को रिपोर्ट देने जाते थे, हम दिल्ली देश की सरकार के पास जाते हैं। स्थानांतरण से जुड़े प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि प्रक्रिया शुरू होते ही प्रकरणों की सूची पर विचार किया जाएगा। यदि किसी मामले में आवश्यक हुआ तो निर्णय मुख्यमंत्री स्तर पर भेजा जाएगा।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान निवेश के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। यह उत्तर भारत का सबसे शांत, सुरक्षित और उदीयमान प्रदेश है, जहाँ अनेक सेक्टरों में अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। राइजिंग राजस्थान और सिंगल विंडो क्लियरेंस के माध्यम से निवेश को बढ़ावा और रोजगार सृजन को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थान दिवस के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों की विशेषज्ञता और सीएसआर निवेश को विकास से जोड़ा जा रहा है, और यह प्रयास उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहा है।

**आज भी मंत्री करेंगे सुनवाई**

भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि बुधवार 3 दिसंबर को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, राज्य मंत्री (पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास) मंजू बाघमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर और प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम कार्यकर्ता सुनवाई करेंगे। संबंधित विभागों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और निपटाया जाएगा।

# भीलवाड़ा में 13 थानाधिकारियों का तबादला, एसपी ने जारी किए आदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




जिले में पुलिस प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर तबादला सूची जारी करते हुए कुल 13 पुलिस निरीक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए। आदेश जारी होते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई।

जारी निर्देशों के अनुसार प्रतीक्षा में चल रहे अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण थानों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वहीं कई थानों के प्रभारियों का स्थानांतरण कर उन्हें नए थानों पर लगाया गया है।

आदेश के अनुसार श्रद्धा पचौरी को प्रतीक्षा से हटाकर आसींद थाने का प्रभार दिया गया है, जबकि कन्हैयालाल को प्रतीक्षा से पुर थाने का कार्यभार सौंपा गया। राजपाल सिंह को कोतवाली से स्थानांतरित कर प्रतापनगर भेजा गया है।

इसी क्रम में शिवराज गुर्जर को कोतवाली, कैलाश कुमार विश्नोई को सुभाषनगर, गजेन्द्र सिंह राठौड़ को सदर, और सुनील चौधरी को भीमगंज थाने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही महावीर प्रसाद को गांधीनगर, शिम्भूदयाल को कारोई, मूलचंद वर्मा को रायपुर, और जसवन्त सिंह को बडलियास का प्रभार सौंपा गया है। वहीं अयूब खान को महिला थाना, तथा पुष्पा कासोटिया को रायला थाने की जिम्मेदारी दी गई है।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी तत्काल अपने-अपने नए पदस्थापन स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करें और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में पूरी तत्परता दिखाएं।

# भीलवाड़ा में चोरी का प्रयास, बच्चों के जागने पर चोर मौके से भागे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शिवम ग्रीन पार्क कॉलोनी में मंगलवार सुबह चोरी का प्रयास उस समय विफल हो गया, जब मकान में सो रहे बच्चों के जाग जाने पर दो अज्ञात चोरों को बिना पूरी वारदात किए ही भागना पड़ा। घटना ने कॉलोनी में दहशत का माहौल बना दिया, वहीं पुलिस गश्त पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

जानकारी के अनुसार, चोर सुबह लगभग 4 बजे आशा देवी पत्नी राकेश कुमार तेली के मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की कोशिश करने लगे। तभी घर में हलचल होने से दो बच्चे जाग गए। बच्चों के जागने और शोर की आशंका से घबराकर दोनों चोर कुछ घरेलू आभूषण लेकर ही मौके से फरार हो गए। परिजनों को बाद में चोरी का पता चला और पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद इलाके के लोगों ने पुलिस गश्त को लेकर नाराजगी जताई। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बेहद कमजोर है, जिसके कारण चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुबह के समय चोरों का घरों में घुस जाना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है।

स्थानीय निवासियों ने पुलिस से तत्काल रात्रि गश्त बढ़ाने और संवेदनशील कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# गुलाबपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई , ट्रक कंटेनर से 304.7 किलो डोडा-पोस्त बरामद

## एजीटीएफ की सूचना पर हाईवे पर नाकाबंदी, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान की सटीक सूचना पर भीलवाड़ा जिले की गुलाबपुरा पुलिस ने सोमवार देर रात मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने एक ट्रक कंटेनर से 304 किलो 700 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गई है। इस दौरान बीकानेर जिले के सोमलसर निवासी दो सगे भाई पूरणा राम लेघा (40) और देवेंद्र उर्फ देवा (21) पुत्र भंवरलाल को गिरफ्तार किया गया।

**एजीटीएफ इनपुट पर हाईवे पर नाकाबंदी, तेज रफ्तार में भागते ट्रक का पीछा**

एजीटीएफ से इनपुट मिलते ही गुलाबपुरा थाना पुलिस ने हाईवे पर तत्काल नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक तेज गति से नाकाबंदी तोड़कर निकल गया। पुलिस टीम ने पीछा कर करीब 29 मील चौराहा पुलिया पर ट्रक को रोक लिया। जांच में पता चला कि ग्रेनाइट की बिल्टी के नीचे छिपाकर रखे गए 15 कट्टों में डोडा-पोस्त भरा हुआ था। पुलिस ने मौके पर ही दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। यह कार्रवाई एजीटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शर्मा के निर्देशन में की गई।

**आंध्र प्रदेश से ग्रेनाइट, मध्यप्रदेश से उठाया डोडा-पोस्त**

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे आंध्र प्रदेश के मातूर जिले से ग्रेनाइट भरकर पंजाब की ओर जा रहे थे। रास्ते में मध्यप्रदेश के जावरा क्षेत्र से डोडा पोस्त की खेप ट्रक में लोड की गई, ताकि वैध बिल्टी की आड़ में तस्करी आसानी से हो सके।

**हनुमानगढ़ में देनी थी सप्लाई, पहले भी कर चुके तस्करी**

पकड़े गए तस्करों ने बताया कि खेप को हनुमानगढ़ जिले के अर्जुनसर गांव में रहने वाले देवाराम उर्फ भानू को सौंपना था। यह व्यक्ति आमतौर पर कार या कैंपर गाड़ी में मौके पर पहुंचकर माल ले जाता था। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि वे पहले भी कई बार इस तरह की अंतरराज्यीय तस्करी कर चुके हैं।

# एक साल से फरार 5 हज़ार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**




थाना पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे 5 हज़ार रुपए के इनामी व वांछित अपराधी को कपासन से गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने बताया की थाना टीम ने कॉन्स्टेबल दिनेश से मिली गोपनीय सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को कपासन क्षेत्र से डिटेन किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस ने फरार आरोपी मुराद पुत्र रज्जाक शाह (उम्र 26 वर्ष) निवासी निकुंभ, जिला चित्तौड़गढ़ हाल निवासी डूंगला को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू की है । शाह पर सरकारी विद्यालय में हुई चोरी की वारदात में शामिल होने का आरोप है और वह पिछले एक वर्ष से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था।

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया 8 दिसंबर को बिजोलिया पहुंचेंगे, विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 8 दिसंबर को बिजोलिया पहुंचेंगे। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने बताया कि तोगड़िया पहले 7 दिसंबर को आने वाले थे, किंतु कार्यक्रम में परिवर्तन होने पर अब वे 8 दिसंबर को क्षेत्र में पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे वे सवाईपुर में आयोजित धर्मसभा में भाग लेंगे, जिसके बाद वे होडा जाकर विधायक गोपाल खंडेलवाल के भाई के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे।

शाम 5 बजे तोगड़िया जोगणिया माता मंदिर में दर्शन करेंगे, जहां मीडिया से मुखातिब होंगे। इसके बाद शाम 7 बजे बिजोलिया पंचायत चौक में आयोजित धर्मसभा 'हिंदुत्व की हुंकार' को संबोधित करेंगे।

अगले दिन 9 दिसंबर को सुबह 8 बजे छोटी बिजौलिया में किसानों से संवाद कार्यक्रम होगा। तोगड़िया बिजौलिया में स्कूली छात्राओं से वार्ता, डॉ. दुर्गाशंकर मेहर के आवास पर विशिष्टजनों से भेंट, तथा मुंसिफ कोर्ट की बार कौंसिल में आयोजित स्वागत समारोह में भी शामिल होंगे। अपने प्रवास के दौरान वे किसान आंदोलन के प्रणेता विजयसिंह पथिक एवं साधु सीताराम दास की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी करेंगे। कार्यक्रमों के बाद तोगड़िया दोपहर 11 बजे कोटा के लिए रवाना होंगे।

# मांडलगढ़ में बदमाशों ने ज्वैलर की दुकान का शटर तोड़कर की चोरी

## सीसीटीवी में नकाबपोश चार बदमाश कैद, व्यापारियों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**



कस्बे में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे अज्ञात बदमाशों ने ज्वैलरी की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से चांदी के आभूषण ले उड़े, जिससे क्षेत्र में दहशत और व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। घटना स्टैच्यू सर्किल पुलिस चौकी के पास जैन मंदिर की गली स्थित परमानंद सोनी की ज्वैलरी दुकान में हुई। बदमाशों ने दुकान का शटर जैक लगाकर तोड़ा और अंदर घुसकर आभूषण पार कर दिए। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों ने पुलिस चौकी और बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में पिछले दिनों आधा दर्जन से अधिक दुकान व मकानों में चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक किसी का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस स्टाफ बढ़ाने, बंद पड़ी स्टैच्यू सर्किल पुलिस चौकी पर स्थायी पुलिस कर्मी तैनात करने, और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घनश्याम मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में चार नकाबपोश बदमाश वारदात करते स्पष्ट दिखे हैं।

थाना प्रभारी ने जिला मुख्यालय से एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परमानंद सोनी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शक्करगढ़ में उमड़ा श्रद्धा का सागर, स्वामी अमराव महाराज के प्रथम निर्वाण महोत्सव का भव्य समापन

## प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ दिव्य संत समागम पूर्ण

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**





**(मूलचंद पेसवानी)।** श्री संकट हरण हनुमत धाम शक्करगढ़ में ब्रह्मलीन संत स्वामी अमराव महाराज के प्रथम निर्वाण महोत्सव का भव्य समापन मंगलवार को उनकी प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हुआ। सुबह से ही विशाल संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण-प्रतिष्ठा**

वृंदावन के सुप्रसिद्ध आचार्य पंडित मुकेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान के मध्य प्राण-प्रतिष्ठा संस्कार संपन्न कराया। मंत्र, शंखध्वनि, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण में दिव्य कंपन फैल गया। सैकड़ों भक्त 'सद्गुरु भगवान की जय' के उद्घोष से पूरे धाम को गुंजायमान करते रहे।

**भागवत कथा का अंतिम दिवस**

प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात कथा स्थल पर श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस का आयोजन हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने द्वारका-त्याग, उद्धव-शिक्षा और श्रीकृष्ण लीला-समापन जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा भगवान श्रीकृष्ण देह त्यागकर नहीं गए, वे अपने धाम पधारे; भक्त और भगवान का रिश्ता कभी समाप्त नहीं होता। उन्होंने स्वामी अमराव महाराज के जीवन को तप, त्याग, भक्ति और सेवा का अनुपम उदाहरण बताते हुए कहा कि उनके उपदेश ही उनके अमरत्व का सच्चा स्वरूप हैं। कथा के दौरान ब्रह्मचारी नारायण चैतन्य और भजन गायक चंद्र मोहन शर्मा के भजनों पर भक्त झूमते रहे।

**देशभर के संतों का दिव्य समागम**

समारोह में विभिन्न पीठों के संतों ने अपनी उपस्थिति से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। स्वामी दिव्यानंद पुरी महाराज (हरिद्वार) ने कहा मनुष्य जीवन दुर्लभ है, इसका उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति है, न कि भोग-विलास। उन्होंने श्रीमद्भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि यह युगों से संतों के लिए अमृत-रस का स्रोत रही है। मुंबई से पधारे महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज ने कहा संतों का आगमन समाज के पुण्यों का उदय होता है। जब सत्कर्म फलित होते हैं तब संत धरती पर अवतरित होते हैं।

ओंकारेश्वर के स्वामी सच्चिदानंद गिरी, स्वामी विजयानंद महाराज, राजेंद्र पुरी महाराज, स्वामी चित्त प्रकाश महाराज, सर्वचैतन्य महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने भी अपने उपदेशों से उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया।

**आज श्रद्धांजलि सभा, दोपहर 12.30 बजे भंडारा**

आश्रम परिसर में बुधवार 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। मीडिया प्रभारी सुरेंद्र जोशी ने बताया कि संत-महात्मा और भक्तजन पुष्पांजलि अर्पित कर स्वामी के जीवन और उपदेशों को स्मरण करेंगे।

इसके बाद 12.30 बजे पूर्णाहुति भंडारा आयोजित होगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। भक्ति, सेवा और आध्यात्मिकता से सजे इस दिव्य महोत्सव ने भक्तों के मन में अविस्मरणीय छाप छोड़ी और शक्करगढ़ धाम को भक्ति से अभिभूत कर दिया।



## QUICK BITES

### पैरा ओलंपिक खिलाड़ी तानिया मीणा का राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन, बिजोलिया में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवारी।** विक्रमपुरा की पैरा ओलंपिक खिलाड़ी तानिया मीणा ने एक बार फिर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। राजस्थान सरकार की विशेष योग्यजन राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना के तहत तानिया मीणा का चयन राज्य स्तर पर सम्मान के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल विक्रमपुरा, बल्कि पूरे बिजोलिया ब्लॉक के लिए गौरव का विषय बनी हुई है।

राज्य स्तरीय चयन समिति की बैठक में जिले से प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद तानिया मीणा को विशेष योग्यजन एवं विशेष योग्यजन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। एसीबीओ कन्हैयालाल शर्मा ने तानिया के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान तानिया के कठिन परिश्रम, प्रतिभा और संघर्षशीलता का परिणाम है। विद्यालय और क्षेत्र के शिक्षकों व खेल प्रेमियों ने भी तानिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बुधवार को एसीबीओ स्वयं तानिया के साथ जयपुर में ये सम्मान प्राप्त करेंगे ।

### अधिवक्ताओं से मारपीट के विरोध में मांडलगढ़ बार एसोसिएशन का न्यायिक कार्य बहिष्कार

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी के थानाधिकारी सहित पुलिसकर्मियों पर अधिवक्ता भरत सिंह राठौड़ व उनके सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ थाना परिसर में मारपीट, अभद्रता और हमले के आरोप लगने के बाद मांडलगढ़ बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने मंगलवार को स्वेच्छा से न्यायिक कार्य का संपूर्ण बहिष्कार किया।

घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और पुलिस कार्रवाई के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि थाने परिसर में वकीलों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और ऐसे कृत्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।

बार एसोसिएशन ने पुलिसकर्मियों के आचरण की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना न केवल अधिवक्ताओं की गरिमा पर आघात है, बल्कि न्याय व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। अधिवक्ताओं ने आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष जमनालाल सेन सहित वरिष्ठ अधिवक्ता व अनेक सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान गिरधारीलाल आचार्य, महेशचंद सुखवाल, देवेंद्र पोरवाल, सत्यनारायण जीनगर, अनिल पारीक, ऋतुराज सिंह राठौड़, सांवरमल रेबारी, हरिओमनारायण सनाढय, उदयलाल गुर्जर, संदीप शर्मा, मनीष वैष्णव, मुकेश सोनी, नितिन सारस्वत सहित सभी अधिवक्ता शामिल रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पीपल्दा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग, गलत सीमांकन पर ग्रामीणों ने जताया कड़ा विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




पीपल्दा एवं आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पीपल्दा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि हालिया पंचायत सीमांकन भौगोलिक रूप से असंगत है, जिसके चलते दूर-दराज बसे गांवों को अनावश्यक रूप से चेनपुरिया पंचायत में शामिल कर दिया गया है, जबकि पास के गांवों को प्राथमिकता नहीं दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि चेनपुरिया और कल्याणपुरा के बीच दूरी मात्र 1.5 किमी है, दोनों गांव आपस में जुड़े हुए हैं, फिर भी क्षेत्रीय स्थिति को नजरअंदाज कर कई गांवों को चेनपुरिया पंचायत में जोड़ने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दूरी, मार्ग सुविधा और जनसंख्या जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में नहीं रखा गया, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने कहा कि पीपल्दा क्षेत्र का भौगोलिक केंद्र है और यहाँ उप-स्वास्थ्य केंद्र पहले से संचालित है, आसपास के सभी गांवों की दूरी लगभग समान है एवं प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए यह सबसे उपयुक्त स्थान है। इस आधार पर ग्रामीणों ने पीपल्दा को पंचायत मुख्यालय घोषित करने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि नया सीमांकन जारी होने से आसपास के गांवों रामपुरिया, नववपुरा, भगवानपुरा, सदारजी का खेड़ा, कावड़िया खुर्द, नेवपुरा आदि को सीधी सुविधा मिलेगी और प्रशासनिक कार्य भी सुचारू रूप से संपन्न हो सकेंगे।

ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर प्रशासन से सीमांकन में पुनर्विचार, क्षेत्र का भौगोलिक अध्ययन कराने तथा पीपल्दा को ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग की है।

इस दौरान सतीश जी जोशी पूर्व प्रधान, रामेश्वर जी धाकड़ पंचायत समिति सदस्य, नारायण धाकड़ , कान सिंह कानावत , सवात सिंह जी , रघुवीर सिंह , किशोर बलाई , कमलेश , दिनेश , सीताराम सुथार , बनवारी वैष्णव सहित रामपुरिया, नवलपुरा, भगवानपुरा, सरदारजी का खेड़ा और पीपल्दा के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# किशनपुरा में चोरों का आतंक, एक ही रात में 12 कुओं से लाखों की केबल चोरी; कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।



बरूंदनी क्षेत्र के किशनपुरा गांव में अज्ञात चोरों ने सोमवार रात बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक साथ 12 कुओं से लाखों रुपये की बिजली केबल काटकर ले गए। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय के साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

भारतीय किसान संघ के जिला राजस्व प्रमुख पुष्करलाल मीणा ने बताया कि बरूंदनी क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। वाहन चोरी, ट्रांसफॉर्मर चोरी, केबल चोरी और पशु चोरी जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोग परेशान हैं। सोमवार को रात को कई कुओं से केबल चोरी हुई, जिसमें सोहनलाल धाकड़, माधुलाल धाकड़, भगवानलाल धाकड़, बालू धाकड़, हरिओम दरोगा, शांतिलाल सुनार, रामनारायण सोमाणी, छीतर धाकड़, नंदलाल धाकड़ और कन्हैयालाल धाकड़ शामिल हैं। इनमें 150 फीट से लेकर 550 फीट तक की केबल काटकर ले जाई गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 22 जुलाई को भी इसी तरह किशनपुरा क्षेत्र में कई कुओं से केबल चोरी हुई थी। उसकी रिपोर्ट थाना बिगोद में दर्ज करवाई गई थी, लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता से चोर बेखौफ होते जा रहे हैं। इस बीच किसान सोहनलाल धाकड़ ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा, उप अधीक्षक मांडलगढ़ और थाना बिगोद को रिपोर्ट भेजकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल खुलासा करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक विरोध के लिए मजबूर होंगे।

# पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, पहले दिन काछोला ने दर्ज की जीत

**विजेता को 51 हज़ार और उपविजेता को मिलेगा 21 हज़ार रुपए का पुरस्कार**

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित पांच दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को एसडीएम मनमोहन शर्मा, पूर्व चेयरमैन विनोद ओस्तवाल एवं थानाधिकारी घनश्याम मीणा ने किया। प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता अक्षत राव ने बताया कि सभी मुकाबले रात्रि कालीन रोशनी में खेले जाएंगे। उद्घाटन दिवस पर पहला मैच काछेला बनाम नंदराय के बीच खेला गया, जिसमें काछेला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस मैच में धारा सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

अक्षत राव ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन दिवस पर विजेता टीम को ? 51 हज़ार रुपए , जबकि उपविजेता टीम को 21 हज़ार रुपए की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।



# नवग्रह आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर और राजस्थान सरकार के बीच एमओयू, 1.50 करोड़ का होगा निवेश

**मोतीबोर का खेड़ा, रायला में स्थापित होगा अत्याधुनिक वेलनेस सेंटर**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** राजस्थान में आयुर्वेदिक चिकित्सा और प्राकृतिक उपचार को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नवग्रह आश्रम और राजस्थान सरकार के बीच 1 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत भीलवाड़ा जिले के मोतीबोर का खेड़ा, रायला में अत्याधुनिक नवग्रह आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पहल राज्य को आयुर्वेद और वेलनेस सेक्टर में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस परियोजना में 1.50 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ मजबूत होंगी और लगभग 20 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। साथ ही, आने वाले वर्षों में यह केंद्र वेलनेस और हेल्थ टूरिज्म का प्रमुख गंतव्य बनने की क्षमता रखता है।

एमओयू के अनुसार राज्य सरकार निवेशक संस्था को सभी आवश्यक अनुमतियाँ, स्वीकृतियाँ और क्लीयरेंस दिलवाने में सहयोग देगी तथा परियोजना को वर्तमान नीतियों के अनुरूप हर संभव सुविधा प्रदान करेगी।

आयुष विभाग की ओर से एमओयू पर निदेशक आयुर्वेद आनंद कुमार शर्मा ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और ऐसे वेलनेस सेंटर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक और प्राकृतिक उपचारों की पहुँच बढ़ाने में सहायक होंगे।

नवग्रह आश्रम की ओर से एमओयू पर प्रबंध निदेशक हंसराज चौधरी ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि यह परियोजना न केवल आयुर्वेदिक उपचारों को बढ़ावा देगी, बल्कि भीलवाड़ा समेत पूरे प्रदेश को वेलनेस पर्यटन में नई पहचान दिलाएगी। केंद्र में पंचकर्म, हर्बल थेरेपी, प्राकृतिक उपचार, योग, ध्यान सहित विभिन्न वैकल्पिक उपचार उच्च मानकों के साथ उपलब्ध कराए जाएंगे।

चौधरी ने कहा कि उद्देश्य आधुनिक सुविधाओं को आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान से जोड़कर समग्र उपचार उपलब्ध कराना है। केंद्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टर्स, थेरेपिस्ट और तकनीकी स्टाफ नियुक्त किया जाएगा ताकि गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकें।



विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे वेलनेस सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भीलवाड़ा जिले में इस प्रकार का यह पहला बड़ा आयुर्वेदिक वेलनेस प्रोजेक्ट होगा, जो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर खोलेगा।

# कृषि आयुक्तालय की टीम ने खाद-बीज दुकानों का किया निरीक्षण

## काला बाजारी की शिकायतों के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

रबी सीजन में किसानों को समय पर और उच्च गुणवत्ता का कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आयुक्तालय की टीम ने भीलवाड़ा शहर में विभिन्न खाद बीज दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएँ सामने आने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि कृषि आयुक्तालय, जयपुर से जल उपयोगिता प्रकोष्ठ के सहायक निदेशक जितेंद्र कुमार नोगिया एवं नरेंद्र जैन ने निरीक्षण के दौरान मैसर्स निम्बार्क एजेंसी में निर्धारित तिथि तक स्टॉक संधारित नहीं पाए जाने तथा पीसी पॉस मशीन में इंद्राज किए बिना पोटाश मिलने पर तुरंत बिक्री पर रोक लगाते हुए फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

इसी प्रकार हिंदुस्तान सीड्स एंड फर्टिलाइज़र पर भी बिल बुक निर्धारित प्रारूप में संधारित न पाए जाने पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

संयुक्त निदेशक जैन ने बताया कि रबी सीजन में किसानों को यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की कमी न हो, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा गोदामों और विक्रेताओं के स्टॉक का पॉस मशीन और स्टॉक रजिस्टर से मिलान करते हुए जांच की जा रही है। साथ ही उर्वरकों एवं बीजों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

किसानों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कृषि विभाग ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है।


इसके प्रभारी कृषि अधिकारी रमेश चंद चौधरी को बनाया गया हैं । संयुक्त निदेशक ने किसानों से अपील की है कि खाद-बीज की कमी, ओवररेटिंग या किसी भी अनियमितता की स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करवाएं।

# किसान आंदोलन के जनक साधु सीताराम दास की पुण्यतिथि पर 5 को विभिन्न स्थानों पर होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

किसान आंदोलन के प्रणेता और जननायक स्व. साधु सीताराम दास की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को समस्त बैरागी समाज ऊपरमाल खेराड़ द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साधु सीताराम दास स्मारक समिति के अध्यक्ष उमा शंकर वैष्णव ने बताया कि संत के आदर्शों और किसान हितों के लिए किए गए उनके संघर्ष को स्मरण करते हुए दिनभर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाएँ होंगी।

कार्यक्रम का पहला सत्र शुक्रवार सुबह 10 बजे बिजौलिया बाईपास स्थित पंचायत समिति के सामने बने साधु सीताराम दास स्मारक स्थल पर आयोजित होगा, जहां संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे त्रिवेणी महादेव



परिसर में वैष्णव समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा होगी।

दोपहर 2 बजे अंतिम सत्र श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर, रामानंदी भवन देवदास की बगीची, लव गार्डन रोड, भीलवाड़ा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत के अनुयायी, समाजजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# मोक्षदा एकादशी पर काशीपुरी धाम में भव्य श्री श्याम संकीर्तन

## भजनों की सुरधारा में डूबे भक्त, मंदिर परिसर फूलों और दीपों से जगमगाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मोक्षदा एकादशी एवं गीता जयंती के अवसर पर काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित संगीतमय श्री श्याम संकीर्तन भजन संध्या में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। संकीर्तन का दिव्य वातावरण देर रात तक पूरे मंदिर परिसर में गूंजता रहा। भजन गायक सुधीर पारीक भीलवाड़ा के मधुर भजनों ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

जैसे ही पारीक ने भक्ति सुरों में 'तेरी मैया को मैं भूल न पाऊँ गिरधर श्याम', 'मेरा अंबर भी श्याम तेरा, मेरा घर भी श्याम तेरा', और 'श्याम तेरा दीवाना, दर पे तेरे आना' जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, पूरा पंडाल 'श्याम...श्याम...' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तजन हाथों में मोबाइल फ्लैशलाइट जलाकर भक्ति में डूब गए और पूरा परिसर भक्ति से सराबोर हो गया।





श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश पोद्धार ने बताया कि मोक्षदा एकादशी का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि काशीपुरी धाम में प्रतिवर्ष होने वाला यह संकीर्तन भक्तों के लिए एक अलौकिक और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव लेकर आता है, और इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर प्रांगण को फूलों, दीपों और आकर्षक लाइटिंग से सुंदर रूप से सजाया गया था। समिति ने पानी, प्रसाद, पार्किंग और सुरक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था की, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि संकीर्तन का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया पर भी किया गया, जिसे हजारों लोगों ने देखा। कार्यक्रम का उद्देश्य भक्ति, सेवा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना था, जो पूर्णतः सफल रहा।

मोक्षदा एकादशी होने के कारण दिनभर मंदिर में गीता पाठ, विष्णु पूजा, दीपदान और मंत्रजाप भी चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री श्याम के समक्ष अपनी मनोकामनाएँ व्यक्त कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। अंत में भव्य आरती के साथ संकीर्तन सम्पन्न हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं युवा सेवा सहयोगियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ककरोलिया घाटी में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

ककरोलिया घाटी में राजस्थान सरकार के कृषि विभाग एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में कृषि विभाग से सहायक कृषि अधिकारी कमलेश कुमार , कृषि पर्यवेक्षक अशोक , वी. इफको



तहसील को-ऑर्डिनेटर कमलेश चौधरी, एवं कृषि सखी विष्णु कंवर ने किसानों को संबोधित किया । कार्यक्रम के दौरान किसानों को तिलहनी फसलों से जुड़ी सरकारी योजनाओं, उनके उत्तम उत्पादन, तथा जैविक खेती के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही खेतों की तैयारी, बुवाई, खाद प्रबंधन, सिंचाई एवं फसल सुरक्षा के बारे में भी विस्तार से मार्गदर्शन किया गया । अधिकारियों ने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया।

## QUICK BITES

# खेत में कीटनाशक छिड़काव के दौरान जहरीली गैस से महिला की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



थाना क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय जहरीली गैस के संपर्क में आने से एक महिला की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। उपचार के दौरान महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी अनुसार समता देवी (45) पत्नी सांवर मल जाट, निवासी गोपालपुरा, सोमवार को खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा छिड़क रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज रासायनिक प्रभाव के कारण उनकी सेहत खराब होने लगी और वे वहीं बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।

मंगलवार सुबह अस्पताल की मोर्चरी में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# मूलचंद वर्मा फिर संभालेंगे बड़लियास थाना प्रभारी का पद

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा मंगलवार को जारी स्थानांतरण सूची में 13 पुलिस निरीक्षकों के फेरबदल के बीच मूलचंद वर्मा को एक बार फिर बड़लियास थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वर्मा इससे पहले भी बड़लियास थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

रायला से स्थानांतरित होकर वर्मा अब दोबारा बड़लियास थाना संभालेंगे। इससे पूर्व, सिद्धार्थ प्रजापत की रेंज चेंज होने के बाद सब इंस्पेक्टर महेंद्र मीणा कार्यवाहक थाना प्रभारी के रूप में दायित्व निभा रहे थे। नवीन आदेश जारी होने के साथ ही मूलचंद वर्मा को बड़लियास थाने का नया थानाप्रभारी नियुक्त करते हुए तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिजौलिया में बढ़ते अपराधों पर लगाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग, कांग्रेस संगठन महामंत्री ने एसडीएम को दिया पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर नगर पालिका क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

शर्मा ने पत्र में बताया कि क्षेत्र में आए दिन चोरी, वाहन चोरी, आत्महत्या, हत्या, सड़क दुर्घटनाएं सहित विभिन्न प्रकार के अपराध हो रहे हैं, जिनकी जांच में पुलिस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यदि नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर दिए जाएं तो अपराधों में कमी आने के साथ-साथ अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में भी बड़ी सहायता मिलेगी।

शर्मा ने मांग की कि मुख्य बाजार, बस स्टैंड, तेजाजी का चौक, प्रमुख चौराहे, कॉलेज, चिकित्सालय परिसर सहित भीड़-भाड़ और संवेदनशील इलाकों में उच्च गुणवत्ता वाले नाइट विज़न और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि रात्रि समय में भी स्पष्ट तस्वीर मिल सके और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।

शर्मा ने प्रशासन से इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।